निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नानुसार निर्माण कार्य के सम्पादन हेतु दिनॉक 14–03–2024 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक लिफाफा बन्द निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है, जो तद्दिनॉक को अपराहन् 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ 3% धरोहर राशि एन0एस0सी / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0, जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के नाम बंधक हो, को निविदा प्रपत्रो के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नही की जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 के रेवेन्यू टिकट पर निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा । निविदा डालने से पूर्व इच्छुक ठेकेदार कार्य स्थल का भली–भॉति निरीक्षण स्वयं कर ले। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त स्थल पर किसी भी विवाद हेतु ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। कार्य सबलेट करने की दशा में ठेकेदार की जमानत पालिका पक्ष में जमा कर ठेकेदार का नाम काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा। निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार गठित समिति को होगा एवं अपरिहार्य कारण से निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी / शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है–

कम स0	कार्य का नाम	आंगणन धनराशि मय जी0एस0टी0 सहित (लाखों मे)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि
1.	अल्मोड़ा सीवरेज जोन तृतीय भाग–ए के अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवर योजना से क्षतिग्रस्त रानीधारा मार्ग में साई बाबा मंदिर से मैग्नेसाईट की ओर जाने वाले मार्ग का पुर्ननिर्माण।	25.00	3%	2000+GST	6 माह

(जयवर्धन शर्मा)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा
पत्रांक 6103 /8–2(2023–2024) दिनांक 27 फरवरी, 2024

प्रतिलिपि–

1– सम्पादक, दैनिक जागरण एवं शाह टाईम्स को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 10x8 वर्ग से0मी0 स्थान पर शासकीय दरों में प्रकाशित कर समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल को जिला सूचना अधिकारी अल्मोड़ा से प्रमाणित कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।

2– नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

3– नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा।